हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

29.10.2018

खेल आयोजन मिनी ओलंपिक सरीखा : सुशील

आईआईटी बीएचयू

वाराणसी | कार्यालय संवाददाता

आईआईटी बीएचयू के वार्षिक खेल महोत्सव स्पर्धा 2018 के समापन समारोह में पहुंचे अंतरराष्ट्रीय पहलवान सुशील कुमार ने इस आयोजन की तारीफ की। कहा कि इंजीनियरिंग के छात्रों का यह प्रयास काबीलेतारीफ है। यह मीनी ओलंपिक सरीखा है। कड़ी स्पर्धा के बीच पढ़ाई के दौरान खेल से जुड़ना और देश भर के आईआईटी संस्थानों को जोड़ना सराहनीय है।

आईआईटी गेस्ट हाउस में रविवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि वर्ष 2008 के बाद से रेसलिंग के क्षेत्र में काफी सुधार हुआ है। इसका नतीजा दिखने लगा है। सरकार भी खेल पर अधिक ध्यान दे रही है। बताया कि सुविधा और कोचिंग दोनों स्तर पर सुधार हुआ है। फेडरेशन से खिलाड़ियों को पूरा समर्थन मिल रहा है।

विजेता टीम को ट्रॉफी देतीं मुख्य अतिथि कुंजूरानी । ● हिन्दुस्तान

राजनीति में अभी नहीं : राजनीति में आने के सवाल पर कहा कि अभी खेल पर ध्यान दे रहा हूं। खेल से जुड़े सकारात्मक विचार वाले लोग राजनीति से जुड़ें तो खेल की बेहतरी होगी।

आईआईटी बीएचयू बना ओवरऑल चैंपियन

वाराणसी। तीन दिनी खेल समारोह का समापन रविवार रात हुआ। ओवरऑल चैंपियन की ट्रॉफी आईआईटी बीएचयू ने जीती। सभी खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीमों को ट्रॉफी प्रदान की गई। पुरुष क्रिकेट में आईआईटी दिल्ली ने बाजी मारी। फुटबॉल में बीएसएसएस भोपाल ने जीत हासिल की। हॉकी में आईआईटी बीएचयू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बास्केटबॉल के महिला वर्ग में एमआईटीएस ने जीत हासिल की। समापन समारोह में निदेशक आईआईटी बीएचयू प्रो. प्रमोद कुमार जैन, खेल परामर्शदाता प्रो. आरएस सिंह आदि मौजूद थे।